प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai- 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

24 मार्च 2022

रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब का उद्घाटन

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज (24 मार्च 2022) बेंगलुरु में रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) का उद्घाटन किया। आरबीआई ने संस्थागत व्यवस्था के माध्यम से स्थायी रूप से वित्तीय नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने और पोषित करने के लिए ₹100 करोड़ के प्रारंभिक पूंजी योगदान के साथ कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत धारा 8 कंपनी के रूप में आरबीआईएच की स्थापना की है।

हब के पास एक स्वतंत्र बोर्ड है, जिसके अध्यक्ष श्री सेनापति (क्रिस) गोपालकृष्णन हैं तथा उद्योग और अकादमिक जगत के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति सदस्य हैं। आरबीआईएच का उद्देश्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जो देश में अल्प आय वाली आबादी के लिए वित्तीय सेवाओं और उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देने पर केंद्रित हो। यह आरबीआईएच की स्थापना के उद्देश्य, अर्थात् वित्तीय समावेशन के अंतर्निहित विषय के साथ भारत में वित्तीय क्षेत्र में विश्व स्तरीय नवोन्मेष लाना, के अनुरूप है।

हब, वित्तीय नवोन्मेष के क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों (बीएफएसआई क्षेत्र, स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र, नियामकों और अकादमिक) को करीब लाएगा।

आरबीआईएच के कार्यों के बारे में विवरण https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PressReleases.aspx?Id=42625 पर उपलब्ध हैं।

गवर्नर, आरबीआई द्वारा दिये गए उद्घाटन भाषण का पाठ https://rbi.org.in/Scripts/BS_SpeechesView.aspx?Id=1202. पर भी उपलब्ध है

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1903